अब सुनले मेरी पुकार ओ खाटू वाले | By Ram Shankar

अब सुनले मेरी पुकार ओ खाटू वाले
सब कुछ मैं गया हूँ हार ओ खाटू वाले
अब सुनले मेरी पुकार ....

हारे का सहारा है तू सुना है ज़माने से
मुझे भी बचा ले बाबा अब डूब जाने से
मेरी नाव की बन पतवार ओ खाटू वाले
अब सुनले मेरी पुकार ....

सीढ़ियां तेरे मंदिर की आंसुओं से धोऊँ मैं
जग को हंसाने वाले तेरे आगे रोऊँ मैं
मेरी हार है तेरी हार ओ खाटू वाले
अब सुनले मेरी पुकार ....

बाबा सारी दुनिया की लिखे तकदीरें तू
देख ले मेरे हाथों की फिर से लकीरें तू
फिर कलम उठा इक बार ओ खाटू वाले
अब सुनले मेरी पुकार ....

तूने तो फकीरों को भी बादशाह बनाया है
हुई भूल मुझसे क्या जो ये दिन दिखाया है
तेरा भक्त है क्यों लाचार ओ खाटू वाले
अब सुनले मेरी पुकार ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%ac-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%93-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82/